web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 18 नवंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 51

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने ईडी की फर्जी टीम का किया पर्दाफाश, 9 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच ने ईडी की फर्जी टीम बनाकर एक कंपनी के मालिक से पैसे ठगने वाले एक गिरोह को पकड़ा है। रवींद्र सिंह यादव, विशेष सीपी क्राइम ने बताया, गिरोह के 9 लोगों को पकड़ा है। ये 2-3 महीने से योजना बना रहे थे। मामले में कुछ और लोगों की गिरफ़्तारी भी की जाएगी।

### बस में दुष्कर्म, कंडेक्टर गिरफ्तार

**शिवपुरी (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में बस के भीतर कंडक्टर ने एक महिला को अपनी हवस का शिकार बनाया। कंडक्टर ने महिला को बस के गलत दिशा में जाने की जानकारी देकर बैठाया और बस के भ्ीतर ही उसके साथ दुष्कर्म किया। मामला पुलिस तक पहुंचा और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। कोतवाली पुलिस थाने में पहुंची महिला ने बताया कि वह अपनी ससुराल बड़ोनी गांव से मायके ललितपुर जाने के लिए निकली हुई थी। वह पिछोर से चंदेरी की ओर जा रही बस में सवार होकर चंदेरी पहुंची, जहां से उसे ललितपुर की ओर जाने वाली बस में बैठना था। कंडक्टर ने उसे गलत जानकारी देकर अपनी शिवपुरी की ओर जाने वाली बस में बिठा लिया । पुलिस को महिला ने बताया कि उसने ललितपुर जाने वाली बस में बैठाने के लिए कंडक्टर को कहा, मगर वह दूसरी बस आने की बात कहकर शिवपुरी तक ले गया और वहां बताया कि ललितपुर की बस सुबह मिलेगी। उसने बस में ही रात बिता को कहा। इसके बाद कंडक्टर ने उसके साथ दुष्कर्म किया। शिवपुरी कोतवाली टीआई अमित सिंह भदौरिया ने बताया कि उक्त मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बस कंडक्टर को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है।

### सैनिकों ने द्रास मस्जिद में लगी आग पर पाया काबू

**श्रीनगर (आरएनएस)।** लद्दाख के द्रास शहर में एक मस्जिद में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए आग आए सैनिकों ने आग उसे बुझा दिया। यह जानकारी अधिकारियों ने गुरुवार को दी। सेना के अधिकारियों ने कहा है, शाम लगभग 5.30 बजे जामा मस्जिद हनफिया में आग लग गई। सैनिकों ने द्रास के लोगों की सहायता से तीन घंटे से अधिक समय के बाद आग पर काबू पा लिया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नही है।

### मलबे में दबकर तीन श्रमिकों की मौत

**शिमला (आरएनएस)।** हिमाचल प्रदेश के सोलन में भवन निर्माण के दौरान कल देर रात मलबा गिरने से तीन श्रमिकों की मौत हो गई। हादसा सोलन जिले के धर्मपुर के पास सिहरडी में हुआ। जिस वक्त मलबा गिरा उस समय श्रमिक वहां काम कर रहे थे। हादसे में तीन मजदूर मलबे की चपेट में आ गए। हादसे का पता चलते ही जेसीबी की मदद से मलबा हटाया गया,तब तक दो मजदूर दम तोड़ चुके थे। उनके शव को बाहर निकाल लिया गया है। तीसरे मजदूर ने भी बाद में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक यहां एक निजी स्कूल के भवन का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन के निर्माण के लिए डंगा लगाया जा रहा है। जिस दौरान यह हादसा हो गया। सोलन के पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि इस हादसे में तीन लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। मलबे की चपेट में आए तीनों प्रवासी मजदूर हैं। हादसे की जांच की जा रही है।

# ज्ञानवापी मामले में मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका, पूजा के अधिकार की याचिका पर सुनवाई को तैयार कोर्ट



**वाराणसी (आरएनएस)।** ज्ञानवापी मामले पर मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका लगा है। ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने, पूजा का अधिकार देने और मुस्लिम पक्ष का प्रवेश रोकने की मांग करने वाली याचिका अदालत ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है। गुरुवार को फास्ट ट्रैक ने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पूजा करने के अधिकार, ज्ञानवापी परिसर में मुस्लिम के प्रवेश पर रोक और ज्ञानवापी परिसर में बने अवैध ढांचे को हटाने संबंधी मामले को सुनवाई के योग्य माना है।

बता दें, फास्ट ट्रैक कोर्ट में सिविल जज महेंद्र पांडे की अदालत में विश्व वैदिक सनातन संघ ने इस बारे में याचिका दाखिल की थी। मुस्लिम पक्ष ने इस वाद पर ही आपत्ति दायर की थी। कहा था कि मामला सुनने योग्य ही नहीं है। अब मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर को होगी। हिन्दू पक्ष के वकील विष्णु जैन के अनुसार यह बहुत बड़ी सफलता है। हमारा केस पहले से बहुत मजबूत है।यहां पर भी 1991 का कानून लागू होता ही नहीं है। हिंदु पक्ष अब दो दिसंबर को ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग की पूजा का अधिकार मांगेगा और परिसर का एक और सर्वे की मांग करेगा।

इससे पहले जिला जज की अदालत ने भी ज्ञानवापी-शृंगार गौरी केस पर सुनवाई का रास्ता साफ करते हुए मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज कर दी थी। अब माना जा रहा है कि आज के फैसले के खिलाफ भी मुस्लिम पक्ष जिला जज की अदालत में आएगा।

## जामिया मस्जिद विवाद : बजरंग दल ने हाईकोर्ट में याचिक दायर कर की मस्जिद खाली करने की मांग

**बेंगलुरू (आरएनएस)।** कर्नाटक में जामिया मस्जिद विवाद में उस एक नया मोड़ आ गया, जब बजरंग दल ने उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर कर इसे खाली करने की मांग की। जनहित याचिका में दावा किया गया है मंदिर को तोडक़र इस मस्जिद का निर्माण किया गया है। बजरंग दल की याचिका में कहा गया है कि मांड्या जिले के ऐतिहासिक श्रीरंगपटना शहर में स्थित जामिया मस्जिद में हिंदू देवताओं और मंदिर की संरचना के निशान हैं। इसलिए इसे तुरंत खाली किया जाना चाहिए, साथ ही हिंदू भक्तों को यहां स्थित कल्याणी (पारंपरिक जल निकाय) में स्नान करने की अनुमति दी जानी चाहिए।

बजरंग दल के कार्यकताओं ने ज्ञानवापी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद के दोबारा सर्वेक्षण की मांग की है। जनहित याचिका बजरंग दल के प्रदेश अध्यक्ष मंजूनाथ व 108 अन्य लोगों ने दायर की है। बजरंग दल के सूत्र बताते हैं कि हिंदू परंपरा में 108 नंबर को शुभ माना जाता है और इसलिए 108 भक्त पक्षकार बनाए गए हैं। बजरंग दल ने मैसूर गजेटियर, मस्जिद में हिंदू वास्तुकला, हिंदू मूर्तियों के शिलालेख, पवित्र जल निकाय और ब्रिटिश अधिकारियों के संदर्भों का प्रमाण भी अदालत को दिया है। इससे पहले हिंदू संगठनों ने मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए अधिकारियों से अनुमति मांगी थी।

जामिया मस्जिद को हिंदू कार्यकताओं से बचाने के लिए मस्जिद के अधिकारियों ने पहले ही संबंधित अधिकारियों से कई अपीलें की हैं।

## मेटा ने संध्या देवनाथन को नियुक्त किया भारतीय कारोबार का प्रमुख



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गुरुवार को मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष के रूप में संध्या देवनाथन की नियुक्ति की घोषणा की। हाल के दिनों में कई प्रमुख अधिकारी कंपनी छोड़ चुके हैं। वह 1 जनवरी, 2023 को अपनी नई भूमिका शुरू करेंगी और मेटा एपीएसी के उपाध्यक्ष डैन नियरी को रिपोर्ट करेंगी।

देवनाथन एपीएसी नेतृत्व टीम का हिस्सा होंगी और देश के संगठन और रणनीति का नेतृत्व करने के लिए भारत वापस आएंगी।

मेटा के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, मार्ने लेविन ने कहा, संध्या के पास व्यवसायों को बढ़ाने, असाधारण और समावेशी टीम बनाने, उत्पाद नवाचार चलाने और मजबूत साझेदारी बनाने का एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है। हम भारत में मेटा की निरंतर वृद्धि को लेकर रोमांचित हैं।

कंपनी ने कहा कि देवनाथन मेटा के कारोबार के दीर्घकालिक विकास और भारत के प्रति प्रतिबद्धता को समर्थन देना जारी रखते हुए अपने भागीदारों और ग्राहकों की सेवा के लिए संगठन की व्यवसाय और राजस्व प्राथमिकताओं को एक साथ लाने पर ध्यान केंद्रित करेंगी।

वह 2016 में मेटा में शामिल हुईं और सिंगापुर और वियतनाम के व्यवसायों और टीमों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व एशिया में मेटा की ई-कॉमर्स पहलों को बनाने में मदद की। 2020 में, वह एपीएसी के लिए गेमिंग का नेतृत्व करने के लिए चली गईं जो वैश्विक स्तर पर मेटा के लिए सबसे बड़े वर्टिकल में से एक है। कंपनी ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की थी कि बढ़ती असुरक्षा और बड़े पैमाने पर छंटनी के बीच, व्हाट्सएप के भारत प्रमुख अभिजीत बोस और मेटा इंडिया के पब्लिक पॉलिसी के निदेशक राजीव अग्रवाल ने इस्तीफा दे दिया है। मेटा ने पिछले हफ्ते 11,000 से अधिक कर्मचारियों, या इसके कर्मचारियों के 13 प्रतिशत को बर्खास्त कर दिया था, जो भारत में विभिन्न टीमों को प्रभावित करने वाले सबसे खराब छंटनी में से एक था।

## राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो' यात्रा पर नया विवाद, राष्ट्रगीत की जगह बजा गलत गाना



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में जारी 'भारत जोड़ो' यात्रा को लेकर नया विवाद खड़ा होता नजर आ रहा है। इस बार मामला राष्ट्रगीत से जुड़ा हुआ है। जहां राहुल की राष्ट्रगीत की अपील करने पर मंच पर अलग ही संगीत बजने लगा। इसे लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है। फिलहाल, पदयात्रा महाराष्ट्र पड़ाव पर है।

दरअसल महाराष्ट्र भाजपा के नेता नीतेश राणे ने एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'पप्पू का कॉमेडी सर्कस।' तमिलनाडु भाजपा नेता अमर प्रसाद ने भी ट्विटर पोस्ट के जरिए कांग्रेस नेता से सवाल किया, 'राहुल गांधी, ये क्या है?' शेयर किए गए वीडियो में नजर आ रहा है कि राहुल मंच से राष्ट्रगीत चलाने की अपील कर रहे हैं।

इसी बीच मंच पर एक धुन शुरू हो गई। कुछ देर सुनने के बाद नेताओं ने हैरानी जताई और राहुल भी दोबारा राष्ट्रगीत चलाने की बात कह रहे हैं। दरअसल, मंच पर शुरू हुई धुन नेपाली राष्ट्रगान है। मंच पर वायनाड सांसद के साथ महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रमुख नाना पटोले और वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल भी नजर आ रहे हैं।

## टीएमसी नेता के घर में रखे बम को गेंद समझ खेलने लगे बच्चे, विस्फोट में भांजी की मौके पर मौत



**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में बम को गेंद समझ कर बच्चे खेलने लगे जिसमें विस्फोट होने से एक बच्ची की मौके पर मौत हो गई जबकि कुछ घायल हो गए। मामला उत्तर 24 परगना जिले के मिनाखा का है। जानकारी के अनुसार, टीएमसी नेता अबु हुसैन गायेन के घर रखे बम को बच्चे गेंद समझकर खेलने लगे, तभी विस्फोट हो गया जिसमें 1 बच्चे की मौत हो गई और कुछ बच्चे घायल हो गए। घटना चपाली गांव की है।

पुलिस ने अबु हुसैन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना के बारे में बताया, 'बीती शाम करीब 6 बजे तृणमूल नेता अबुल हुसैन गायेन के रिश्तेदार उसके घर मिलने आए। उसकी 8 साल की भांजी झूमा खातून, जो दूसरी कक्षा की छात्रा है, बिचुली (अबुल हुसैन का पालतू गधा) के सिर में लगी गेंद से खेल रही थी जब बम फटा। नाबालिग छात्र की मौके पर ही मौत हो गई।'

बशीरहाट के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सौथम बनर्जी व एसडीपी अमीनुल इस्लाम के नेतृत्व में मिनाखा थानाधिकारी सिद्धार्थ मंडल भारी पुलिस बल लेकर मौके पर पहुंचे और शव को बरामद कर मिनाखा थाने ले गए। फिर शव को ग्रामीण अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। इस घटना से काफी सनसनी मच गई है। सवाल यह है कि तृणमूल कांग्रेस के नेता ने गधे में बम क्यों रखा? या फिर इसके पीछे कोई राजनीतिक साजिश है? पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि कहीं कोई और वजह तो नहीं है। पुलिस अधिकारी इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि क्या तृणमूल कांग्रेस के नेता ने पंचायत चुनाव से पहले क्षेत्र में अपना दबदबा बनाने के लिए बम जमा किए थे। तृणमूल नेता अबुल हुसैन गायेन को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## कंपनी ने बिना अनुमति के खोला मोरबी पुल, नगर पालिका का हाईकोर्ट में हलफनामा



**मोरबी पुल (आरएनएस)।** मोरबी पुल को नवीनीकरण कंपनी ने बिना अनुमति व नगर निकाय को सूचित किए बिना ही खोल दिया। मोरबी नगर पालिका ने गुजरात हाईकोर्ट को इस बारे में बताया है। मोरबी में हुए पुल हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी।

हाईकोर्ट में दायर एक हलफनामे में नगर पालिका ने यह भी बताया कि 2022 में नगर निकाय और कंपनी के बीच हुए एक करार के मुताबिक अजंता कंपनी को पुल का 'उचित पुनरोद्धार' करना था और सिर्फ तभी जनता के लिए खोलना था। नगर निकाय ने मुख्य न्यायाधीश अरविंद कुमार और जस्टिस आशुतोष शास्त्री की खंडपीठ के सामने हलफनामा प्रस्तुत किया। खंडपीठ पुल ढहने के मामले में स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई कर रही है।

नगर निकाय ने चीफ जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस आशुतोष शास्त्री की डिविजन बेंच के सामने हलफनामा दायर किया। कोर्ट मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद सुनवाई कर रही है। मोरबी शहर में मच्छू नदी पर यह पुल ब्रिटिश काल में बनाया गया था। पुल ढहने के पांच दिन पहले ही इसके मरम्मत का काम पूरा हुआ था। इसके बाद इसे आम जनता के लिए खोल दिया गया था। 30 अक्तूबर की शाम पुल ढहने से 135 लोगों की मौत हो गई थी। हाईकोर्ट ने अजंता मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड (ओरेवा समूह) से जवाब मांगा है कि अनुमति न होने के बावजूद पुल के इस्तेमाल करने के लिए अनुमति देने के क्या कारण थे।

नगरपालिका ने कहा कि 8 मार्च, 2022 के समझौते की चार शर्तें तय कीं गई थीं। हलफनामे में बताया गया है कि इनमें से एक शर्त में कहा गया था कि अजंता (ओरेवा समूह) इसका उचित रूप से मुरम्मत करेगी और इसमें समझौते की तारीख से कम से कम 8 से 12 महीने लगेंगे, जिसके बाद ही इसे जनता के लिए बड़े पैमाने पर खोला जाएगा।

## बिहार के उद्योग मंत्री के यहां आईटी का छापा, आरजेडी बोली भाजपा कर रही केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग



**पटना (आरएनएस)।** बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ के आवास पर आयकर विभाग की दबिश की खबर है। उनके कई ठिकानों पर टीम ने छापा मारा है। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह आयकर विभाग की टीम पटना के पाटलिपुत्र स्थित गोसाई टोला में मंत्री के आवास शिव शक्ति, आर ब्लॉक में सोन भवन स्थित उनके कार्यालय में दबिश देने पहुंची। टीम को छापेमारी में क्या कुछ मिला है, इसकी अभी अधिकृत जानकारी नहीं है।

सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीम साकार कंस्ट्रक्शन कंपनी के अलग-अलग दफ्तरों में भी छापेमारी कर रही है। आईटी टीम ने डाक बंगला चौराहा स्थित हीरा पन्ना दुकान के पास साकार कंस्ट्रक्शन कंपनी के एक और ऑफिस में छापा मारा।

**भाजपा पर बरसी राजद-** आईटी की छापेमारी को लेकर राजद प्रवक्ता शक्ति यादव ने कहा कि समीर महासेठ को मंत्री बने दो महीना हुआ है। समीर महासेठ व्यवसायी भी हैं। भाजपा पर बरसते हुए शक्ति यादव ने कहा कि सिर्फ विरोधी दलों के यहां ही छापेमारी होती है। आज तक भाजपा के किसी नेता या किसी मंत्री के यहां ईडी और आईटी का छापा नहीं पड़ा। भाजपा इन एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

## तमिलनाडु के 14 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया



**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के कराइक्कल, पुडुकोट्टई और नागापट्टिनम जिलों के 14 भारतीय मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने सुबह अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने के लिए हिरासत में ले लिया। मछुआरे कोट्टुचेरीमेडु के आर. सेल्वमनी की नाव में सवार होकर समुद्र में गए थे। मछुआरे नेदुनथीवू में आईएमबीएल के पास मछली पकड़ रहे थे, तभी उन्हें श्रीलंकाई नौसेना ने हिरासत में ले लिया।

तमिलनाडु तटीय पुलिस के सूत्रों के अनुसार , श्रीलंकाई नौसेना आईएमबीएल के पास गश्त कर रही थी और उन्होंने सुबह समुद्र में गए मछुआरों को हिरासत में ले लिया।

इससे पहले भी श्रीलंकाई नौसेना द्वारा तमिलनाडु के कई मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी महंगी मशीनीकृत नौकाओं को जब्त कर लिया गया था। श्रीलंकाई नौसेना द्वारा स्थानीय श्रीलंकाई समाचार पत्रों में भारतीय मछुआरों से जब्त की गई मशीनीकृत नौकाओं की बिक्री की घोषणा करने वाले विज्ञापन दिए गए थे।

## गेटमैन ने बंद नहीं किया फाटक, ट्रेन से टकराकर लोडर के उड़े परखच्चे, दो लोगों की मौत

### बेटों का शव देखकर बेहाल हुए दोनों पिता, दोषियों पर होगी कार्रवाई

**कानपुर देहात (आरएनएस)।** कानपुर-झांसी रेल रूट पर गेटमैन की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। जल्लापुर क्रॉसिंग पर गेटमैन ने फाटक बंद नहीं किया और ट्रैक क्रॉस कर रहा लोडर अचानक आई ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में लोडर के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं पोल से टकराए लोडर की वजह से ओएचई लाइन का इंसुलेटर क्षतिग्रस्त हो गया। इससे चार घंटे तक रेल यातायात बाधित रहा।

स्वरूपपुर गांव के विष्णु (20) और कृष्णा (22) लोडर लेकर बुधवार देर रात करीब एक बजे अमौली गए थे। गुरुवार सुबह दोनों लोडर से वापस गांव लौट रहे थे। कानपुर-झांसी रेल रूट पर जल्लापुर क्रॉसिंग खुली होने पर वह ट्रैक क्रॉस कर रहे थे। इस बीच अचानक लखनऊ से गुजरात जा रही गांधीनगर एक्सप्रेस ट्रेन आ गई और चपेट में आए लोडर के परखच्चे उड़ गए। लोडर सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं टक्कर लगते ही लोडर ओएचई पोल से टकराया, जिससे इंसुलेटर क्षतिग्रस्त होने से आपूर्ति बाधित हो गई। इससे रूट पर रेल यातायात बाधित हो गया। रेल रूट पर कानपुर की ओर चार ट्रेनों को



तत्काल रोका गया। इसमें मुंबई एक्सप्रेस, लखनऊ-इंदौर एक्सप्रेस को रोक दिया गया। जानकारी मिलते ही रेलवे अफसरों में खलबली मच गई और तकनीकी टीम मौके पर पहुंच गई।

**गेटमैन पर कार्रवाई की मांग-** हादसे के बाद पहुंचे ग्रामीणों ने रेलवे पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि रात में गेटमैन ने फाटक बंद नहीं किया था, जिससे हादसा हो गया। अगर गेटमैन ने फाटक बंद कर दिया होता तो शायद दोनों की जान बच जाती, गनीमत रही कि लोडर में टक्कर मारने के बाद ट्रेन बेपटरी नहीं हुई वरना बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं ग्रामीणों ने एक सवाल और उठाया कि जब फाटक बंद नहीं था तो रेड सिग्नल रहने पर ट्रेन क्यों नहीं रुकी। ग्रामीणों ने रेलवे अफसरों को मौके पर बुलाने की मांग करते हुए गेटमैन पर कार्रवाई की मांग की। मौके पर पहुंचे दोनों के पिता जसवंत और रामप्रकाश अपने बेटों का शव देखकर बेहाल हो गए।

**बाधित रहा रेल यातायात-** रात करीब दो बजे हादसा होने के बाद रेल यातायात बाधित हो गया। देर रात ही रेलवे की तकनीकी टीम पहुंच गई और मरम्मत कार्य शुरू कर दिया। गुरुवार सुबह करीब छह बजे तक ओएचई लाइन दुरुस्त हो सकी और रेल यातायात बहाल हुआ। झांसी डीआरएम आशुतोष कुमार ने बताया कि घटना की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।